# भोजन एवं पोषण विभाग का वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में शैक्षणिक दौरा

गोहाना, 29 सितम्बर (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के भोजन एवं पोषण विभाग द्वारा वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का शैक्षणिक दौरा किया गया। यह आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर ने किया। उनके साथ विभाग के पीएच.डी.शोधार्थी एवं एमएससी की छात्राएं भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान छात्राओं और शोधार्थियों को आधुनिक तकनीकों, वैल्यू एडेड उत्पाद नवाचारों, स्टार्ट-अप उपक्रमों और सतत खाद्य प्रसंस्करण प्रथाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी प्रतिनिधियों तथा उद्यमियों के साथ सार्थक संवाद किया और वैश्विक खाद्य व्यापार अवसरों, अनुसंधान सहयोग तथा उद्यमिता संभावनाओं के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।

# भोजन एवं पोषण विभाग, का वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में शैक्षणिक दौरा



गोहाना, वायरल सच ( अनिल जिंदल) : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत के भोजन एवं पोषण विभाग द्वारा वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का शैक्षणिक दौरा किया गया। यह आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर ने किया। उनके साथ विभाग के पीएच.डी. शोधार्थी एवं एमएससी की छात्राएं भी उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए प्रो बीनू ने बताया कि भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, निवेश अवसरों और नवीन प्रवृत्तियों को प्रदर्शित करने वाला एक प्रमुख वैश्विक मंच है। उन्होंने बताया कि दौरे के दौरान छात्राओं और शोधार्थियों को आधुनिक तकनीकों, वैल्यू एडेड उत्पाद नवाचारों, स्टार्ट-अप उपक्रमों और सतत खाद्य प्रसंस्करण प्रथाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी प्रतिनिधियों तथा उद्यमियों के साथ सार्थक संवाद किया और वैश्विक खाद्य व्यापार अवसरों, अनुसंधान सहयोग तथा उद्यमिता संभावनाओं के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। यह अनुभव छात्राओं के शैक्षणिक एवं अनुसंधान दृष्टिकोण को समृद्ध करेगा तथा उन्हें पोषण, खाद्य उत्पाद विकास और खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में नए आयाम तलाशने के लिए प्रेरित करेगा। प्रो तंवर ने कहा कि यह भ्रमण कुलपति के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध किया गया था, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं औधोगिक जगत के बीच की दूरी को कम करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। साथ ही यह विश्वविद्यालय के उस मिशन को भी सुदृढ़ करता है जिसके अंतर्गत कुशल एवं उद्योग-तैयार पेशेवरों का निर्माण किया जा सके, जो भारत को वैश्विक खाद्य केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में योगदान दें।

# छात्राओं ने किया वर्ल्ड फूड इंडिया का शैक्षणिक दौरा

**गोहाना|** बीपीएस महिला विवि की छात्राओं ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भोजन एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया-2025 का शैक्षणिक दौरा किया। इस शैक्षणिक भ्रमण दल में शोधार्थी व एमएससी की छात्राएं विभागाध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर के नेतृत्व में पहुंची। प्रो. बीनू ने बताया कि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, निवेश अवसरों और नवीन प्रवृत्तियों को प्रदर्शित करने वाला एक प्रमुख वैश्विक मंच है। शोधार्थियों व छात्राओं ने वर्ल्ड फूड इंडिया का दौरा करके आधुनिक तकनीकों, वैल्यू एडेड उत्पाद नवाचारों, स्टार्ट-अप उपक्रमों और सतत खाद्य प्रसंस्करण प्रथाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी प्रतिनिधियों तथा उद्यमियों के साथ सार्थक संवाद किया। वहीं वैश्विक खाद्य व्यापार अवसरों, अनुसंधान सहयोग तथा उद्यमिता संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह अनुभव छात्राओं के शैक्षणिक एवं अनुसंधान दृष्टिकोण को समृद्ध करेगा तथा उन्हें पोषण, खाद्य उत्पाद विकास और खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में नए आयाम तलाशने के लिए प्रेरित करेगा।



# छात्राओं ने वर्ल्ड फूड इंडिया का किया दौरा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के भोजन एवं पोषण विभाग के प्राध्यापकों व छात्राओं ने वर्ल्ड फूड इंडियाः 2025 का शैक्षणिक दौरा किया। यह आयोजन भारत मंडपम नई दिल्ली में हुआ। दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर ने किया। उनके साथ विभाग के पीएचडी शोधार्थी एवं एमएससी की छात्राएं भी गए।

# GARBA NIGHT CELEBRATED




**Khanpur Kalan (Sonepat):** Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya, Khanpur Kalan, recently organised a Garba night for hostellers and faculty members living on campus to mark Navratri. The event was held under the chairpersonship of chief warden Shalini, while Vice-Chancellor Sudesh was the chief guest at the event. In her address, the Vice-Chancellor said: "On the auspicious occasion of Navratri, we have gathered here to celebrate together through the Garba night. It brings me immense joy to witness such a vibrant scene: The colourful attire, traditional music, and the high enthusiasm of the students have truly made this evening unforgettable." She said programmes such as these were not merely for entertainment – they helped in shaping our personality, developing leadership skills, and enhancing social awareness. The event concluded with a vote of thanks delivered by Dean (Student Welfare) Monika.